बीएसईएस का 12वां स्थापना दिवस

उत्तराखंड आपदाः प्रधानमंत्री राहत कोष में बीएसईएस दे रही है 34. 62 लाख रूपये का योगदान

नई दिल्लीः 2 जुलाई, 2013। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों की मदद के लिए बीएसईएस कर्मचारी अपनी तनख्वाह से प्रधानमंत्री राहत कोष में 34.62 लाख रूपये का योगदान दे रहे हैं।

बीवाईपीएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज 15.17 लाख का चेक प्रधानमंत्री राहत कोष के लिए, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित को सौंपा। बीआरपीएल की ओर से कल 19.45 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।

सैनिकों का सम्मान करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए, बीवाईपीएल द्वारा पोस्टर भी लॉन्च किए गए। इन पोस्टरों में उत्तराखंड के आपदा प्रभावित इलाकों में कठिन परिस्थितियों में, अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जिंदगी बचाने वाले सैनिकों की तस्वीरें थीं। ये पोस्टर भी दिल्ली की मुख्यमंत्री को सौंपे गए।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– इस स्वैच्छिक पहल से एक बार फिर साबित होता है कि बीएसईएस कर्मी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर सजग हैं। यह एक छोटा सा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके माध्यम से बीएसईएस कर्मियों ने आपदा पीड़ित अपने देशवासियों के लिए कुछ करने की कोशिश की है।

गौरतलब है कि बादल फटने, भारी बारिश होने और जमीन धसने की घटनाओं ने उत्तराखंड के एक बड़े हिस्से में तबाही और बरबादी ला दी है। बड़े पैमाने पर घर बह गए, लोग मारे गए, बेघर हुए और सैकड़ों करोड़ रूपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। जो लोग बच गए, उन्हें पिछली भयावह यादों और नुकसान को पीछे छोड़कर, नए सिरे से अपनी जिंदगी शुरू करनी होगी। बचे हुए लोगों की जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए बीएसईएस कर्मचारी अपना प्रयास जारी रखेंगे।